# Revolt Of 1857

**1.** आजादी की पहली लड़ाई 1857 ई. में किसने भाग नहीं लिया?
(a) ताँत्या टोपे (b) रानी लक्ष्मीबाई
(c) बहादुरशाह जफर (d) भगत सिंह

**2.** 1857 ई. के विद्रोह का प्रशासनिक परिणाम शक्ति का अन्तरण था
(a) ईस्ट इण्डिया कम्पनी से ब्रिटिश सम्राट को
(b) ब्रिटिश सम्राट से ईस्ट इण्डिया कम्पनी को
(c) ईस्ट इण्डिया कम्पनी से गवर्नर जनरल को
(d) ब्रिटिश सम्राट से निदेशक मण्डल को

**3.** फैजाबाद में 1857 ई. के विद्रोह का नेतृत्व किया था
(a) अहमदुल्ला ने (b) बख्त खान ने
(c) खान बहादुर खान ने (d) नाना साहब ने

**4.** सिपाही विद्रोह के समय भारत का गवर्नर जनरल कौन था?
(a) लॉर्ड कैनिंग (b) लॉर्ड डलहौजी
(c) लॉर्ड हार्डिंग (d) लॉर्ड लिटन

**5.** 1857 ई. के विद्रोह से बिहार का कौन-सा भाग अप्रभावित रहा?
1. दानापुर 2. पटना
3. आरा 4. मुजफ्फरपुर
5. मुंगेर

**6.** 1857 ई. की क्रान्ति में अंग्रेजों व जोधपुर की संयुक्त सेना को पराजित करने वाला था
(a) ताँत्या टोपे
(b) टोंक के नवाब वजीर खाँ
(c) महाराज राम सिंह
(d) आउवा के ठाकुर कुशल सिंह

**7.** निम्नलिखित में किसने 1857 ई. के विद्रोह को एक षड्यन्त्र की संज्ञा दी?
(a) सर जेम्स आउट्रम एवं डब्ल्यू टेलर
(b) सर जॉन के
(c) सर जॉन लॉरेन्स
(d) टी आर होम्स

**8.** द इण्डियन वार ऑफ इण्डीपेन्डेन्स, 1857 नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?
(a) सर सैयद अहमद खान
(b) वी डी सावरकर
(c) एस आर शर्मा
(d) आर सी मजूमदार

**9.** 1857 ई. की क्रान्ति का प्रतीक निम्नलिखित में से क्या था?
(a) कमल और चावल
(b) कमल और गेहूँ
(c) कमल और रोटी
(d) कमल और दाल

**10.** दिल्ली में मुगल सम्राट की पत्नी ने अंग्रेजों को सूचना देकर विद्रोहियों की योजना असफल कर दी। उसका क्या नाम था?
(a) हजरत महल (b) जीनत महल
(c) मुमताज महल
(d) फातिमा बेगम

**11.** 1857 के विद्रोह के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| | स्थान | नेतृत्वकर्ता |
|---|---|---|
| (a) | मन्दसौर | फीरोजशाह |
| (b) | उड़ीसा | सुरेन्द्र शाही |
| (c) | कुल्लू | राजा प्रताप सिंह |
| (d) | मेरठ | गजाधर सिंह |

**12.** 1857 ई. के स्वतन्त्रता संग्राम से सम्बन्धित पहली घटना थी
(a) कानपुर में विद्रोह और नाना साहब का नेतृत्व संभालना
(b) बेगम हजरत महल द्वारा अवध का नेतृत्व
(c) सैनिकों का दिल्ली के लाल किले पर पहुँचना
(d) झाँसी की रानी का विद्रोह

**13.** 1857 ई. का विद्रोह लखनऊ में किसके नेतृत्व में आगे बढ़ा?
(a) बेगम ऑफ अवध (b) ताँत्या टोपे
(c) रानी लक्ष्मीबाई (d) नाना साहब

**14.** 1857 के विद्रोह के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

| | स्थान | दमनकर्ता |
|---|---|---|
| (a) | बरेली | कैम्पबेल |
| (b) | आरा (बिहार) | विलियम टेलर |
| (c) | इलाहाबाद | जनरल नील |
| (d) | फैजाबाद | वेंसेन्ट आयर |

**15.** नाना साहब के बारे में कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. नाना साहब अन्तिम पेशवा के दत्तक पुत्र थे।
2. नाना साहब का मूल नाम धोंधू पण्डित था।
3. नाना साहब ने अन्तिम पेशवा बाजीराव द्वितीय की हत्या कर दी।
4. डलहौजी ने नाना साहब को पेशवा मानने से इनकार कर दिया तथा उनकी पेन्शन बन्द कर दी।

कूट
(a) 1, 2 और 3 (b) 1, 2 और 4
(c) 2, 3 और 4 (d) 1, 3 और 4

**16.** 1857 ई. के विद्रोह के पतन के अनेक कारण थे, निम्नलिखित में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?
1. संगठन का अभाव
2. अनुशासन का अभाव
3. जनता का समर्थन
4. उद्देश्य की एकता
5. नेतृत्व का विकेन्द्रित होना
6. परम्परागत हथियारों का इस्तेमाल

कूट
(a) 1, 2, 3, 5
(b) 2, 4, 5, 6
(c) 1, 2, 5, 6
(d) 2, 3, 4, 6

**17.** राज्य अपहरण नीति के बारे में निम्नलिखित में से कौन-एक सही नहीं है?
(a) इसने भारतीय शासकों को कोई उत्तराधिकारी गोद लेने की अनुमति नहीं दी
(b) शासक की मृत्यु के पश्चात् इसने गोद लिए गए उत्तराधिकारी को शासन करने की अनुमति नहीं दी
(c) किसी शासक की मृत्यु हो जाने के पश्चात् इसने भारतीय राज्य का समामेलन अनिवार्य बना दिया
(d) इसने भारतीय राज्य का समामेलन अनिवार्य बना दिया, अगर उत्तरधिकारी को गोद लिया जाना ब्रिटिश प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित न हुआ हो

**18.** दिल्ली में बहादुरशाह द्वितीय प्रतीकात्मक नेता के रूप में विद्यमान थे, परन्तु निम्नलिखित में से किसके हाथ में सेना का वास्तविक शासन था?
(a) बख्त खान (b) खान बहादुर खान
(c) बाबू कुँवर सिंह (d) अजीमुल्ला खाँ

**19.** 1857 ई. के विद्रोह के समय दिल्ली का बादशाह बहादुरशाह द्वितीय था। उसने मृत्युपर्यन्त अपना निर्वासित जीवन निम्न में से किस स्थान पर व्यतीत किया?
(a) रंगून (b) पोर्टब्लेयर
(c) मालदीव (d) लक्षद्वीप

**20.** भारत के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम का मुख्य तात्कालिक कारण था
(a) लॉर्ड डलहौजी की हड़प नीति
(b) अंग्रेजों का धर्म में हस्तक्षेप का सन्देह
(c) सैनिक असन्तोष
(d) भारत का आर्थिक शोषण

Add. 41-42A, Ashok Park Main, New Rohtak Road, New Delhi-110035
+91-9350679141

# Answer Key-Hindi

1.(d) 2.(a) 3.(a) 4.(a) 5.(a) 6.(d) 7.(a) 8.(b) 9.(c) 10.(b)

11.(d) 12.(c) 13.(a) 14.(d) 15.(b) 16.(c) 17.(c) 18.(a) 19.(a) 20.(c)

EduBull.com